नेतरहाट विद्यालय समिति

कार्यकारिणी समिति की, दिनांक–14.03.2013 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही –

उपस्थिति :–

क्र0	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	श्री सुशील कुमार चौधरी, भा०प्र०से०	मुख्य सचिव, झारखण्ड, राँची	सभापति	उपस्थित
2	श्री ज्योति भ्रमर, तुबिद, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, गृह विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	उपस्थित
3	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	महामहिम राज्यपाल,झारखण्ड के प्रधान सचिव, झारखण्ड, राँची	सदस्य	अनुपस्थित
4	श्री फिदेलिस टोप्पो	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड राँची	सदस्य	उपस्थित
5	श्री हंसराज सिंह	संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य वित्त विभाग के प्रतिनिधि वित्त सचिव द्वारा मनोनीत	अनुपस्थित
6	श्री राम नरेश सिंह	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट	सरदस्य सचिव	उपस्थित
7	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी0 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	उपस्थित
8	डा0 रजी अहमद	रीभर साइड, नावाटोली मेदनीनगर, पलामू	सदस्य	अनुपस्थित

1. कार्यकारिणी समिति की दिनांक–05.01.2013 को सम्पन्न, बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।

2. शिक्षक आदि के पदों पर नियुक्ति के क्रम में अन्तर्वीक्षा लेने के लिए विशेषज्ञों तथा चयन समिति के गैर सरकारी सदस्यों को झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित अद्यतन दर के आलोक में परिश्रमिक का निम्नवत् भुगतान किया जाएगा–

   (i) एसोसिएट प्रोफेसर एवं उससे उपर को – रू० 2000/–प्रतिदिन

   (ii) एसोसिएट प्रोफेसर से नीचे को – रू० 1500/– प्रतिदिन

   (iii) सरकारी या गैर सरकारी सेवा से निवृत या स्वनियोजित को – रू० 2000/– प्रतिदिन

   (iv) विशेषज्ञों/सदस्यों को स्थानीय आवगमन के लिए रू० 200/– प्रतिदिन

   (v) विशेषज्ञों के साक्षात्कार–स्थान (शहर) में अन्यत्र स्थान से आने–जाने का यात्रा–भत्ता के रूप में ए.सी.II रेल किराया या वास्तविक व्यय जो भी कम हो तथा उनके सरकारी विश्रामगृह में आवासन, भोजन नास्ता का व्यय भुगतान।

   उपरोक्त भुगतान कार्यालय व्यय मद में भारित होगा।

3. नेतरहाट विद्यालय में शिक्षक, प्रशासनिक पदाधिकारी, मनोवैज्ञानिक (Counsellor) तथा चिकित्सा पदाधिकारी के रिक्त पद पर चयन समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की स्वीकृति दी गई (अनुलग्नक–1)। नियुक्त किये जाने वाले शिक्षकों के चयन समिति द्वारा अनुशंसित वरीयता क्रम की स्वीकृति दी गई (अनुलग्नक–2)।

4. आश्रमों में छात्रों के उपयोग हेतु गोदरेज निर्मित कॉट/मैट्रेस/वॉडरोव/आलमीरा/बेडलॉकर आदि शीघ्र क्रय करने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।

5. विद्यालय परिसर अन्तर्गत भवनों के जीर्णोद्धार/निर्माण कार्य के लिए कार्यकारी एजेंसी के रूप में झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लि०, राँची को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त कार्य (अनुलग्नक–3) सम्बन्धित डी.पी.आर की तकनीकी स्वीकृति के आलोक में सरकार से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड से अनुरोध किया गया।

6. विद्यालय परिसर अन्तर्गत शैले, (पूर्व में प्राचार्य आवास),को नेतरहाट विद्यालय को शीघ्र वापस करने हेतु, उपायुक्त लातेहार को अनुरोध पत्र लिखने का निर्णय लिया गया।

7. जैप आई टी. राँची द्वारा प्रतिनियुक्त श्री अशोक कुमार पिता का नाम श्री दीनानाथ साह, क्वॉटर नं० डी.टी. 2220, धूर्वा, राँची सितम्बर 2012 से फरवरी 2013 तक कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत रहे हैं। भुगतान जैप.आइ.टी. राँची को किया जाता है। श्री शैलेश भगत DL.No.JH-08/2008/0004737, पिता का नाम श्री गणेश भगत, ग्राम–लालपर तिगरा, थाना–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा, को समिति कार्यालय में जीप चालक के रूप में, कार्यकारिणी समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में रखा गया है। श्री शैलेश भगत 04.02.2013 से कार्यरत है।

श्री अशोक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर को 01.03.2013 से एवं श्री शैलेश भगत, जोप चालक को 04.02.2013 से मानदेय भुगतान पर रखने की स्वीकृति दी जाती है। उक्त कर्मियों को, वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार के संकलप सं० 965 दिनांक 25.03.09 की कंडिका 3 के आलोक में, मानदेय भुगतान किया जायगा। इस राशि का भुगतान प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय 'अन्य व्यय' में उपलब्ध राशि से करेंगे।

इस सम्बन्ध में आवंटन हेतु प्रस्ताव तैयार कर मानव संसाधन विकास विभाग को समर्पित करने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।

8. कार्यकारिणी समिति की दिनांक 18.12.2012 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कंडिका सं० 9 के आलोक में शिक्षको द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण पर चर्चा की गई। कार्यकारिणी समिति द्वारा समीक्षोपरान्त स्पष्टीकरण को असंतोषप्रद पाया गया। प्राचार्य को निदेशित किया गया कि संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु आरोप पत्र–प्रपत्र–(क) में गठित कर मानव संसाधन विकास विभाग को प्रेषित कर समिति को सूचित करें।

सभापति द्वारा उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक की समाप्ति की गई।

ह०/–

(सुशील कुमार चौधरी)

मुख्य सचिव, झारखण्ड–सह–सभापति
कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति।